हेतु सरकारी अध्यापक सहकारी गृह निर्माण सोसाइटी, लिमिटेड, शक्तिनगर, दिल्ली, को भूमि का आवंटन किया है ;

(ख) क्या उक्त सोसाइटी के सभी सदस्यों को प्लाट आवंटित करने के पश्चात् 150-200 प्लाट अभी भी बच गये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो क्या शेष प्लाटों को सरकार दिल्ली प्रशासन के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के अनुसूचित जातियों के अध्यापकों को आवंटित कर रही है ?

निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आइ०के० गुजराल) : (क) जी, हां ।

(ख) समिति ने सारी जमीन अपने सदस्यों को आवंटित कर दी है और इसके पास कोई अनियत प्लाट नहीं हैं ।

(ग) प्रश्न ही नही उठता ।

मध्य प्रदेश में पेय जल की समस्या हल करने के लिये योजना

2689. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश मे उन गांवों की कितनी संख्या है जहां पीने का पानी उपलब्ध नही है ;

(ख) क्या राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से पीने के जल की समस्या हल करने हेतु बृहद् योजना की क्रियान्विति के लिये सहायता देने का अनुरोध किया है ; और

(ग) उक्त योजना के लिये कितने अनुमानित धन की आवश्यकता है और उक्त योजना कब तक लागू हो जायेगी ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए मकानों का निर्माण

2690. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ मास पूर्व केन्द्रीय सरकार ने भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिये सरकारी खर्चे पर मकानों का निर्माण करने की योजना तैयार की थी ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने मकान बनाये जा रहे हैं ; और

(ग) यदि हां, तो ये मकान मध्य प्रदेश में कहां कहां पर और कितने कितने बनाये गये हैं और इन पर कुल कितना धन व्यय हुआ है ?

निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई०के० गुजराल) : (क) जी, नहीं ।

(ख) तथा (ग). प्रश्न ही नहीं उठता ।

C. G. H. S. Dispensaries in Delhi and other cities of the Country

2691. SHRI R. P. YADAV : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state :

(a) the number of C. G. H. S. Dispensaries in the city of Delhi and other States all over the country ; and

(b) whether any such Dispensary exists in the cities of Patna, Dhanbad and Jamshedpur and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI D. P. CHATTOPADHYAYA) : (a) The number of C. G. H. S.